हिंदी दैनिक

# न्यूज़ वायरस

वर्ष : 11 अंक : 142 देहरादून, बुधवार, 23 नवंबर, 2022 मूल्य : एक रुपया पृष्ठ : 08



मुख्यमंत्री धामी ने दिया कैम्पटी मेले के लिए 2 लाख रुपए का अनुदान 3

# उत्तराखंड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने किए संचालित ईंट भट्ठों को नोटिस जारी






**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून, 22 नवंबर। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की ओर से जारी नई गाइडलाइन के अनुसार 31 मार्च 2021 के बाद ईंट भट्ठों का संचालन अनिवार्य रूप से जिग-जैग ब्रिक तकनीक अपनाकर ही किया जा सकता है। इस संबंध में पूर्व में उत्तराखंड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की ओर से ईंट भट्ठों को नोटिस जारी किए गए थे, लेकिन अभी भी बहुत से ईंट भट्ठे पुरानी तकनीक पर ही संचालित हो रहे हैं। प्रदेश में तमाम ईंट भट्ठे नियमों के विपरीत और वैज्ञानिक रूप से संचालित हो रहे हैं। इन्हें केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के दिशा निर्देशों के अनुसार जिग-जैग ब्रिक तकनीक अपनानी होगी, तभी राज्य में इनका संचालन हो पाएगा। ऐसा नहीं करने पर उन्हें बंद कर दिया जाएगा।इस संबंध में उत्तराखंड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की ओर से हरिद्वार और ऊधमसिंह नगर में संचालित ईंट भट्ठों को नोटिस जारी किया गया है।

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की ओर से जारी नई गाइडलाइन के अनुसार 31 मार्च 2021 के बाद ईंट भट्ठों का संचालन अनिवार्य रूप से जिग-जैग ब्रिक तकनीक अपनाकर ही किया जा सकता है। इस संबंध में पूर्व में उत्तराखंड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की और से ईंट भट्ठों को नोटिस जारी किए गए थे, लेकिन अभी भी बहुत से ईंट भट्ठे पुरानी तकनीक पर ही संचालित हो रहे हैं। बोर्ड के सदस्य सचिव एसएस बुद्धि ने बताया कि हरिद्वार जिले में 195, जबकि ऊधमसिंह नगर जिले में 60 भट्ठे संचालित हो रहे हैं। अभी तक इनमें से हरिद्वार जिले में 133 और ऊधमसिंह नगर में 14 ईंट भट्ठों ने ही नई तकनीक अपनाई है। इनमें से भी हरिद्वार जिले में मात्र 14 और यूएस नगर में दो ईंट भट्ठे ने ही नियमानुसार संचालन की अनुमति ली है।

बोर्ड ने ऐसे भट्ठों को नियमों को पूरा करने और नई तकनीक अपनाने के लिए 15 दिनों का समय दिया है। सुबुद्धि के अनुसार, नियत समय में नियमों को पूरा नहीं करने वाले ईंट भट्ठों पर पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति की एवज में जुर्माने और उसके बाद इन्हें पूर्ण रूप से बंद करने की कार्रवाई की जाएगी। बताते चलें कि राज्य में वायु (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम 1981 के तहत ईंट भट्ठों को बोर्ड से नियमानुसार अनुमति लेना अनिवार्य है। पेड़ों की जड़ों, खरपतवार इत्यादि को जलाया जाता है, लेकिन कुछ भट्ठों में प्लास्टिक और अन्य कचरा भी जलाया जा रहा है। इस कारण वायु में कार्बन के कण और जहरीली गैसें तेजी से फैल रही हैं। जिग-जैग ब्रिक तकनीक लगाने के बाद यह प्लास्टिक को फिल्टर कर देता है। इससे वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने में मदद मिलती है।

# ह्यूमन ट्रैफिकिंग और इनामी बदमाशों के विरुद्ध हल्लाबोल अभियान शुरू होगा : अशोक कुमार, डीजीपी








**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून, 22 नवंबर। पुलिस मुख्यालय में आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में पुलिस महानिदेशक अशोक कुमार द्वारा परिक्षेत्र एवं जनपद प्रभारियों को निम्न दिशा-निर्देश दिए गए। 1) मानव तस्करी प्रकरणों में आई0पी0सी की धारा 370/371/372 का उपयोग करें, ताकि दोषियों को सख्त सजा दिलाई जा सके। स्पा सेंटरों में सी0सी0टी0वी0 लगाने एवं रजिस्टर अनिवार्य रूप से मेंटेन करने के निर्देश दिए। मानव तस्करी प्रकरणों में डिजिटल एवं फाईनेंशियल इन्वेस्टिगेशन पर फोकस करें।2) ट्रांसजेंडर एक्ट-2020 में प्रदत्त अधिकारों को पुलिसकर्मियों के मध्य प्रचारित करें एवं ट्रांसजेंडर एक्ट में दिए गए अधिकारों का पालन सुनिश्चित कराने हेतु कार्रवाई करने को कहा गया।

3)1 दिसम्बर 2022 से ईनामी एवं वांछित अपराधियों के विरूद्ध अभियान चलाया जायेगा। वांछित अपराधियों पर इनाम घोषित करने एवं बदमाशों को इनामी घोषित करने की प्रक्रिया में विवेचनाओं को जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। ऐसे अपराधियों पर सख्त कार्यवाही के लिए संबंधित क्षेत्राधिकारी के कार्यों की समीक्षा हेतु परिक्षेत्रीय पुलिस उपमहानिरीक्षक को भी निर्देशित किया गया।4) आम जनता की शिकायतों का मौके पर ही त्वरित समाधान हेतु पुलिस मोबाइल यूनिट्स के रूप में काम कर रही हाईवे एवं सिटी पेट्रोल को और अधिक सुदृढ़ किए जाने के भी निर्देश दिए गए। उपरोक्त मोबाइल यूनिट्स का उपयोग प्राथमिकता के आधार पर केवल डायल -112 की शिकायतें एवं अन्य ऑपरेशनल कार्यों में करने पर जोर दिया गया।5) स्कूलों, कॉलेजों एवं सरकारी विभागों में साइबर सुरक्षा, एंटी ड्रग्स जागरूकता अभियान के दौरान प्रस्तुतीकरण के माध्यम से उत्तराखंड पुलिस एप को भी प्रचारित करने को कहा।6) महिला सुरक्षा की पहल को आगे बढाने के क्रम में गौरा शक्ति ऐप के अन्तर्गत महिलाओं हेतु रजिस्ट्रेशन की सुविधा का प्राविधान किया गया है, रजिस्ट्रेशन के उपरान्त महिलाऐं नजदीकी थाने के महिला हेल्प डेस्क से कनेक्टेड रहेगी,ताकि जरूरत के समय महिलायें, हेल्प डेस्क से सम्पर्क कर मदद प्राप्त कर सके।

इस अवसर पर अपर पुलिस महानिदेशक अपराध कानून एवं व्यवस्था, वी0 गुरूगेशन, पुलिस महानिरीक्षक अभिसूचना एवं सुरक्षा, ए0पी0 अंशुमान, पुलिस उप महानिरीक्षक गढवाल परिक्षेत्र करण सिंह नग्नयाल, पुलिस उपमहानिरीक्षक प्रो0/मार्ड0 अबूदई सेन्थिल कृष्ण राज एस0, पुलिस उपमहानिरीक्षक कानून एवं व्यवस्था सुश्री पी0 रेणुका देवी सहित समस्त अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

# नींद न आये तो मुंह पर टेप लगा कर बंद कीजिये कानफोड़ू खर्राटे





न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट , 22 नवंबर , दुनियाभर में लोग अच्छी नींद न आने से परेशान हैं। इसकी वजह चाहे तनाव हो या आज की भागमभाग वाली दिनचर्या। जब रात बिस्तर पर लेटते हैं तो उनकी आँखों से नींद गायब रहती है और रातें करवट बदलते गुज़रती है। अमेरिका में 68% लोग नींद की परेशानी से गुजर रहे हैं। हाल ही में हुए एक प्रयोग में सामने आया कि सोते समय मुंह पर टेप लगाकर सोने से गहरी नींद आती है, क्योंकि इस दौरान लोग नाक से सांस लेते हैं। इससे खर्राटे लेने से राहत मिलती है। वहीं संक्रमण का जोखिम भी कम होने का दावा किया गया है।

**क्या आप भी है परेशान**

दरअसल, मुंह खोलकर सोने से बदबूदार सांस, कर्कश आवाज और होंठ फटने का खतरा होता है। स्टेनफोर्ड यूनिवर्सिटी के एन कीअर्नी के अनुसार प्रयोग में सामने आया कि नाक से सांस लेने से हवा छन जाती है। ये फेफड़ों को सक्रिय कर देती है। इससे गहरी और पूरी सांस ले पाते हैं, शरीर को आराम मिलता है।


**नाक से सांस लेना बीमारियों से बचाता है**

मुंह पर टेप लगाकर सोने के फायदे को जानने के लिए किए गए अध्ययन में सामने आया कि 20 में से 13 लोगों को पहले के मुकाबले कम खर्राटे आए। 30 लोगों पर किए गए एक अन्य शोध में 'स्लीप अप्निया' (सोते समय सांस रुक जाती है और नींद टूट जाती है) बीमारी वालों में मुंह पर टेप लगाकर सोने से ऐसे लोगों को कम खर्राटे आए।नींद विशेषज्ञ कहते हैं कि इससे रेत के कण, एलर्जी और रोग कारक तत्व अंदर नहीं जा पाते और शरीर संक्रमण से बच जाता है। नाक से सांस लेने पर शरीर में नाइट्रिक ऑक्साइड नामक गैस बनती है जो रक्तचाप कम करने और रक्त प्रवाह नियमित करने में मदद करती है।

**नाक से सांस लेने में समस्या हो तो न लगाएं मुंह पर टेप**

विशेषज्ञों के अनुसार नाक से सांस लेने में कठिनाई होने पर मुंह पर टेप लगाकर नहीं सोना चाहिए। साथ ही ऐसे टेप का इस्तेमाल करना चाहिए जो आसानी से छूट जाए जैसे- सर्जिकल टेप। पहले दिन दस मिनट टेप लगाएं और समय बढ़ाते जाएं। टेप की आदत पड़ने पर ही रात में मुंह पर टेप लगाकर सोएं।

# 18 साल से कम उम्र बच्चे के मोबाइल इस्तेमाल पर लगी रोक




न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देश में मोबाइल एक बीमारी बन चुकी है। खासकर ये लत आजकल बच्चों में बहुत ज्यादा देखी जा रही है। लेकिन परिजन इसका उपाय नहीं खोज पा रहे हैं। न चाहते हुए पढ़े लिखे और माध्यम वर्ग में बचे इस लत के आदी हो रहे हैं। लेकिन आपको एक गाँव की बात बताते है जिसने जिसने इसका तोड़ निकाल लिया है

**इस तरह का पहला अनोखा फैसला**


महाराष्ट्र में यवतमाल के एक गांव में 18 साल से कम उम्र के बच्चों के मोबाइल फोन इस्तेमाल करने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। एक ग्राम पंचायत अधिकारी ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि यह राज्य में इस तरह का पहला फैसला हो सकता है। गांव के सरपंच गजानन ताले ने कहा कि जिले के पुसद तालुका के बंसी गांव में '18 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए मोबाइल फोन नहीं' का फैसला 11 नवंबर को लिया गया था। उन्होंने कहा, ''कोविड-19 महामारी के दौरान ऑनलाइन शिक्षा के लिए बच्चों ने मोबाइल फोन का इस्तेमाल करना शुरू किया था। इसके बाद उन्हें मोबाइल फोन की आदत लग गई और वे विभिन्न साइट देखने लगे तथा ऑनलाइन गेम खेलने के लिए ज्यादातर समय इस पर बिताने लगे।''

सरपंच ने दावा किया, ''इसलिए, हमने बंसी ग्राम पंचायत में 18 साल से कम उम्र के बच्चों के मोबाइल फोन का इस्तेमाल करने पर प्रतिबंध लगाने का फैसला किया। यह ऐसा फैसला लेने वाली महाराष्ट्र की पहली ग्राम



पंचायत बन गई है।'' उन्होंने कहा कि निर्णय को लागू करने में शुरुआती मुद्दे हो सकते हैं लेकिन इस कदम को सफल बनाने के लिए माता-पिता और बच्चों दोनों को सलाह दी जाएगी। सरपंच ताले ने कहा, ''परामर्श के बाद भी यदि हम बच्चों को मोबाइल फोन का इस्तेमाल करते देखेंगे तो हम जुर्माना लगाएंगे।''

# तेज संगीत सुनने से 1 अरब लोगों को सुनने की समस्या का खतरा



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

दुनिया भर में 1 अरब से अधिक युवाओं और बच्चों को सुनने में कठिनाई का सामना करना पड़ सकता है। जी हां, WHO ने बताया कि इसका सबसे बड़ा कारण पर्सनल हियरिंग डिवाइस जैसे आपके हेडफोन, ईयर बड्स आदि हैं। हेडफोन के अलावा हम पार्टियों में जो लाउड म्यूजिक सुनते हैं, वह भी इसका खतरा (बहरापन जोखिम) बढ़ा रहा है। भारत में भी 6.5 करोड़ से ज्यादा लोग आंशिक या पूर्ण बहरेपन के शिकार हैं और लगातार हेडफोन के इस्तेमाल से यह खतरा और बढ़ रहा है।

**ये रोग तेज आवाज के कारण होते हैं**

WHO ने कहा कि लोग शुरुआत में बहरेपन को गंभीरता से नहीं लेते हैं. लोगों को इसे बीमारी मानने में 4 से 6 साल लग जाते हैं. तब तक यह समस्या काफी हद तक बढ़ चुकी होती है। इसके इलाज के लिए उन्हें हियरिंग एड नाम की मशीन लगानी होगी। भारत में हर साल लगभग 6 लाख हियरिंग एड मशीनें बेची जाती हैं। यानी सुनने की समस्या से पीड़ित ज्यादातर लोग इसका इस्तेमाल नहीं करते हैं। कान की समस्या को गंभीरता से न लेने के कारण लोग जल्द ही बहरे हो जाते हैं। वहीं, इसके कारण लोग भूलने की बीमारी और डिप्रेशन जैसी कई मानसिक बीमारियों के भी शिकार हो जाते हैं।

**आपके कान कितना शोर संभाल सकते हैं**




बीएमजे जर्नल ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि आमतौर पर लोग अपने हेडफोन में 105 डीबी से ज्यादा की आवाज रखते हैं, जबकि पार्टियों में आवाज 104 से 112 डीबी तक होती है। इसके लिए इस स्टडी में 12 से 34 साल के 19 हजार लोगों को शामिल किया गया है। इस रिसर्च में बताया गया कि 24 फीसदी टीनएजर्स और 48 फीसदी युवा अपने हेडफोन में लाउड म्यूजिक सुनते हैं। बता दें कि आम तौर पर एक वयस्क के लिए 80-90 डीबी और बच्चों के लिए 75 डीबी सहनीय होता है।

**ये समस्याएं तेज आवाज के कारण होती हैं**

1 बहरेपन की समस्या2 कान का दर्द3 कान का संक्रमण4 सिरदर्द, नींद न आना5 चक्कर आना और दिल

# मुख्यमंत्री धामी ने दिया कैम्पटी मेले के लिए 2 लाख रुपए का अनुदान






न्यूज़ वायरस नेटवर्क

मसूरी , 23 नवम्बर। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कैम्पटी में खेलकूद एवं सांस्कृतिक मेले में प्रतिभाग किया। मुख्यमंत्री ने कैम्पटी में लगने वाले इस मेले के लिए 2 लाख रुपए का अनुदान देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि कैम्पटी क्षेत्र के सुनियोजित विकास के लिए इसे नगर पालिका बनाने की दिशा में प्रयास किए जाएंगे।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि मेलों की सांस्कृतिक धरोहरों को बचाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उत्तराखण्ड में गौचर एवं जौलजीवी मेला अंतर्राष्ट्रीय महत्व के मेले हैं। कैम्पटी क्षेत्र पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण क्षेत्र है। राज्य में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार द्वारा निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। बागवानी एवं जल विद्युत परियोजनाओं के क्षेत्र में भी राज्य में अनेक संभावनाएं हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड को 2025 तक देश के श्रेष्ठ राज्यों की श्रेणी में लाने के लिए राज्य सरकार प्रयासरत है। सभी प्रदेशवासियों के सहयोग से उत्तराखण्ड को हर क्षेत्र में अग्रणी राज्य बनाया जायेगा। उन्होंने कहा कि लाल बहादुर शास्त्री अकादमी में आयोजित चिंतन शिविर में उत्तराखंड को देश का अग्रणी राज्य बनाने की दिशा में मंथन चल रहा है। अधिकारियों को इसके लिए सुनियोजित योजना बनाने के लिए कहा गया है। अन्य राज्यों में जो अच्छे कार्य हो रहे हैं, अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि उत्तराखण्ड की भौगोलिक परिस्थितियों के हिसाब से ऐसे कुछ कार्यों को राज्य में बेस्ट प्रैक्टिस के रूप में अपनाया जाय।इस अवसर पर विधायक प्रीतम सिंह पंवार, क्रीडा समारोह के अध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह पंवार, मसूरी के पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मनमोहन सिंह मल, ब्लॉक प्रमुख जौनपुर सीता रावत, क्रीडा समिति के संयोजक राजेश नौटियाल, जिलाधिकारी टिहरी सौरभ गहरवार, एसएसपी नवनीत सिंह भुल्लर एवं अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

# खटीमा में हाथियों ने चार महिलाओं पर किया हमला, तीन रेफर

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



खटीमा, 22 नवंबर। उधम सिंह नगर जिले के सीमांत इलाके खटीमा में जंगली जानवरों ने आतंक से लोग डरे हुए हैं जंगली जानवर आए किसी ना किसी पर हमला कर रहे हैं ताजा मामला खटीमा में किल पूरा 1 रेंज से सटे आला वर्दी गांव का है जहाजों ने 4 महिला पर हमला कर दिया हाथियों के हमले से चारों महिला गंभीर रूप से घायल हो गई घायल महिलाओं को वन विभाग कर्मियों ने खटीमा उप जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया जिसमें से 3 महिलाओं को गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टर ने उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया। आला वृद्धि निवासी गोमती देवी, भागीरथी देवी, जमुना देवी, भागा देवी, गोमती देवी, सुमन और ज्योति मवेशियों के लिए चारा लेने किलपुरा रेंज के जंगल में जा रहीं थीं। महिलाएं जंगल के किनारे नाले के पास पहुंची ही थी कि एक हाथी ने पीछे से महिलाओं पर हमला कर दिया। हाथी के अचानक हमला करने से महिलाओं में अफरा तफरी मच गई। हाथी ने महिलाओं का पीछा नहीं छोड़ा और उन्हें अपनी सूंड़ से उठाकर फेंकने लगा। महिलाओं के काफी देर तक शोर मचाने के बाद हाथी जंगल की ओर भाग गया। हमले में भागा देवी (40), गोमती देवी (35), सुमन (18) और ज्योति (18) गंभीर रूप से घायल हो गईं। शोर सुनकर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने चारों घायल महिलाओं को उप जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। डॉ. अमित बंसल ने बताया कि आभा देवी और गोमती देवी के पैर की हड्डियां टूट गई है। ज्योति की हालत भी गंभीर है। तीनों महिलाओं को प्राथमिक इलाज के बाद रेफर कर दिया गया है। 15 नवंबर को भी किलपुरा के जंगल में हाथी ने हमला कर आला वृद्धि निवासी गीता चंद (40) को उठाकर पटक दिया था। रेंजर जीवन चंद्र उप्रेती ने बताया कि जंगल में इस समय हाथियों के झुंड घूम रहे हैं। उन्होंने ग्रामीणों से अकेले जंगल में न जाने की अपील की है।



# खुशखबरी आईफोन 12 की कीमत में 10 हजार रुपये की कटौती



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

अगर आप एप्पल में अपग्रेड करने के बारे में सोच रहे हैं, तो अब सही समय है क्योंकि ई-कॉमर्स की दिग्गज कंपनी फ्लिपकार्ट इस समय आईफोन पर कई डिस्काउंट ऑफर चला रही है।टेक विक्रेता एप्पल आईफोन 12 128GB वैरिएंट पर 10,000 रुपये तक 16 प्रतिशत की छूट दे रहा है, जो मूल रूप से 64,900 रुपये में बिकता है।फ्लिपकार्ट फिलहाल iPhone 12, 128GB मॉडल को महज 53,999 रुपये में बेच रहा है। इच्छुक ग्राहक अपने पुराने स्मार्ट कार्ड को एक्सचेंज कर मौजूदा ऑफर पर अतिरिक्त छूट का भी लाभ उठा सकते हैं। यदि आप अपने पुराने स्मार्टफोन में व्यापार करते हैं, तो आप 17,500 रुपये तक की अतिरिक्त छूट प्राप्त कर सकते हैं, जिससे फ्लिपकार्ट पर iPhone 12 128GB संस्करण की कुल कीमत 36,499 रुपये हो जाती है।हालाँकि, यह महत्वपूर्ण है कि आप नए iPhone 12 के लिए जिस स्मार्टफोन का व्यापार करते हैं, वह काम करने की स्थिति में हो। पुराने स्मार्टफोन के ट्रेड-इन मूल्य की गणना फोन की भौतिक और आंतरिक स्थिति के आधार पर की जाती है।

# आम आदमी पार्टी से जुड़ रहे भाजपा कांग्रेस के समर्थक : जोत सिंह बिष्ट



**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून, 22 नवम्बर। आम आदमी पार्टी के प्रदेश कार्यालय में कांग्रेस पार्टी के प्रदेश सचिव अभय दीपक के नेतृत्व में राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल के कार्यों में आस्था रखते हुए आज सैकड़ों लोगों के साथ प्रदेश समन्वयक जोत सिंह बिष्ट जी एवं डाक्टर आर, पी, रतूड़ी जी के नेतृत्व में सैकड़ों लोगों को आम आदमी पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई गई । जोत सिंह बिष्ट ने कहा कि कांग्रेस अब नेतृत्व विहीन पार्टी हो चुकी है वहां कार्यकर्ताओं की कोई आवश्यकता नहीं है बड़े नेता आपस में ही अपने वर्चस्व की लड़ाई लड़ रहे हैं इसीलिए आम कार्यकर्ता अपने आप को ठगा सा महसूस करता है और उत्तराखंड प्रदेश की जनता जिसने कांग्रेस पार्टी को विपक्ष में बैठने का आदेश दिया जनता के सरोकारों से अब विपक्ष पार्टी को कोई लेना देना नहीं है सिर्फ अपने कद और कुर्सी की लड़ाई में जनता एवं कार्यकर्ताओं को भ्रमित करने का काम करते हैंइस जोइनिंग में कमलेश रमन, अशोक सेमवाल ,सुशील सैनी, तुषार जुयाल ,राखी सैनी, महादेवी वर्मा ,संगीता ठाकुर ,परवीन बानो ,ईशा सैनी, नवीन मदान ,कार्तिक पंत, राजेश कुमार, डा राहुल भट्ट, उत्तम शर्मा, विभूषित, परसांत, लोकेश शर्मा ,महेश प्रताप ,दीपक अग्रवाल ,बाबर अली ,इकबाल हुसैन ,मुबारक अली ,अभिनव, वैष्णवी, प्रज्वल वर्मा, आदि सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# सीएम धामी के निर्देश पर डीजीपी अशोक कुमार ने गठित की हेल्थ कमेटी



**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून , 22 नवम्बर। उत्तराखंड के डीजीपी अशोक कुमार ने बताया है कि पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों के कल्याणार्थ मुख्यमंत्री धामी द्वारा पुलिस कर्मियों को स्वास्थ्य की महत्ता समझाने और उनकी फिटनेस को बढ़ावा देने के निर्देश दिए गए थे। अब इसी कड़ी में अपर पुलिस महानिदेशक, पीएसी की अध्यक्षता में एक कमेटी गठित की गयी है, जिसमें पुलिस महानिरीक्षक, कार्मिक, पुलिस उप महानिरीक्षक, यातायात, पुलिस उप महानिरीक्षक, पी/एम, पुलिस उप महानिरीक्षक, अभिसूचना सदस्य हैं। ये कमेटी अन्य राज्यों के पुलिस बल व अर्द्धसैनिक बलों में स्वास्थ्य व फिटनेस के सम्बन्ध में बनाये गये नियमों व एसओपी का भी अध्ययन कर एक प्रभावी नीति प्रोपोज करेगी।डीजीपी अशोक कुमार कहते हैं कि अकसर देखने में आता है कि पुलिसकर्मी तनावपूर्ण, व्यस्त एवं अव्यवस्थित जीवनशैली के कारण अपने स्वास्थ्य पर पूरा ध्यान नहीं दे पाते, जिससे वे असमय तनाव व बीमारियों से ग्रस्त हो जाते हैं। इसका प्रभाव उनकी पर्सनल व प्रोफेशनल लाइफ पर पड़ता है। इस विषय की गंभीरता को देखते हुए मुख्यमंत्री द्वारा दिए गए निर्देशों से न केवल पुलिस कर्मियों को फायदा होगा बल्कि उनकी कार्यक्षमता में भी बढ़ोतरी होगी।

# प्रादेशिक कैंपिंग से सेंटर कैंपिंग व हाइकिंग ओवरनाइट हाई किंग के लिए टीम रवाना



**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून , 22 नवम्बर। 17 नवंबर से 23 नवंबर तक चलने वाला प्रादेशिक कैंपिंग सेंटर भोपालपानी में स्काउट मास्टर व गाइड कैप्टन के एडवांस कैंप तथा रोवर रेंजर लीडर के बेसिक कैंप के साप्ताहिक कार्यक्रम में प्रतिभागियों को स्काउट विंग के सहायक लीडर ऑफ द कोर्स श्री पुरुषोत्तम धीमान ने सभी प्रतिभागियों को खोजबीन के संकेतों के बारे में जानकारी दी रोग और रोवर वीके असिस्टेंट एलओसी मंगल सिंह ने कैंपिंग में हाइकिंग के लिए आवश्यक सामग्रियों के बारे में जानकारी दी और रोवर विंग के लीडर ऑफ द कॉर्स प्रोफेसर सत्येंद्र कुमार ने अवगत कराया कि पुराने मित्र और पुराने शूज को हैकिंग के लिए ले जाना चाहिए तथा यात्रा में खोजबीन के चिन्ह को देखते हुए अपने निर्धारित स्थान को पहुंचना चाहिए तथा रास्ते में जो भी साइट सीन दिखाई दे वापसी में रिपोर्ट के साथ एलओसी को जमा करनी चाहिए

जिस स्थान पर और नाइट स्टे हो वहां आसपास के सराउंडिंग को अच्छी प्रकार से देख लिया जाए और वापसी में किसी भी प्रकार की गंदगी छोड़कर के नहीं आनी चाहिए नथिंग बट थैंक्स करके आना चाहिए इस प्रकार की जानकारी से प्रतिभागियों को और प्रोफेसर सत्येंद्र कुमार ने अवगत कराया इस अवसर पर प्रादेशिक प्रशिक्षण आयुक्त रघुवीर सिंह नेगी, लीडर ऑफ द कोर्स स्काउट विंग पुष्पेंद्र शर्मा आदि के साथ ट्रेनिंग लेने वाले प्रतिभागियों में डॉक्टर दया धर दीक्षित, डॉक्टर जय हरी श्रीवास्तव, डॉक्टर जगदीश सिंह, डॉ वीरेंद्र कुमार, डॉक्टर नवरत्न, केशव सिधाना , डॉक्टर हेमचंद्र तथा रेंजर में डॉक्टर प्रवीण, डॉक्टर तनुजा, साक्षी, डॉक्टर गीता, आराधना शर्मा, साक्षी मेहता, आदि उपस्थित थे




# मंत्री गणेश जोशी ने बांटे विद्यालयों को कम्प्यूटर



**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून, 22 नवम्बर । प्रदेश के कृषि, कृषक कल्याण सैनिक कल्याण एवं ग्राम्य विकास मंत्री गणेश जोशी ने टीएचडीसी द्वारा वित्त पोषित छात्र छात्राओं के लिए मसूरी विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों को 10 कम्प्यूटर वितरित किए। इस अवसर पर मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि नई टेक्नोलॉजी के जमाने में आज किसी भी क्षेत्र में सफल करियर बनाने के लिए छात्र-छात्राओं के पास कंप्यूटर की अच्छी जानकारी होने के साथ-साथ टेक्नोलॉजी की जानकारी होना बेहद आवश्यक है।

सभी छात्र-छात्राओं तक कंप्यूटर का ज्ञान और उसकी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की पहुंच बेहद ज़रूरी है। ऐसा करना इसलिए ज़रूरी है, ताकि वे उस कौशल (स्किल) को सीख सकें जिसकी आने वाले समय में मांग है। मंत्री जोशी ने कहा कि आज टेक्नोलॉजी का जमाना है और कोविड के बाद इसकी काफी आवश्यकता महसूस हुई है। मंत्री जोशी ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार प्रकट करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री धामी के प्रयासों से प्रदेश में 1200 से अधिक टावर स्वीकृत हुए हैं । सरकार दूरस्थ क्षेत्रों में नेटवर्क कनेक्टिविटी को लेकर निरंतर प्रयास कर रही है, ताकि दूरस्थ क्षेत्रों को बेहतर इंटरनेट कनेक्टिविटी का लाभ छात्र छात्राओं को मिल सके । मंत्री जोशी ने कहा कि किसी भी समाज की मजबूती के लिए शिक्षित होना बहुत आवश्यक है,और प्रदेश सरकार का इस पर विशेष फोकस है इस दिशा में सरकार लगातार कार्य कर रही है।

**इन विद्यालयों को वितरित किए गए कंप्यूटर -**

जीआईसी भागद्वारी खाल, सनातम धर्म कन्या इंटर कॉलेज मसूरी, सहनसाई इंटर कॉलेज राजपुर, गोरखा मिलिट्री इंटर कॉलेज गढ़ी कैंट। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य वीर सिंह, वंदना बिष्ट, युवा मोर्चा अजय सिंह, भारत सिंह नेगी, सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# सेफ्टी ऑडिट में असुरक्षित पाए गए उत्तराखंड के 36 पुल





**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून, 22 नवंबर। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर राज्य के पांच जोन में कराए गए सेफ्टी ऑडिट में उत्तराखंड के 36 पुल यातायात के लिए अनुपयुक्त पाए गए हैं। अधिकारियों ने बताया कि पीडब्ल्यूडी विभाग ने राज्य के 3262 में से 2618 पुलों की सुरक्षा ऑडिट रिपोर्ट सरकार को सौंप दी है.पीडब्ल्यूडी विभाग के प्रधान सचिव आरके सुधांशु ने बताया कि सरकार को सेफ्टी ऑडिट रिपोर्ट मिल गई है। उन्होंने कहा, 'सरकार द्वारा ब्रिज बैंक स्थापित करने के निर्देश दिए गए हैं ताकि समय से नए पुलों का निर्माण किया जा सके।अधिकारियों को तीन सप्ताह के भीतर ऑडिट रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया था, क्योंकि सरकार पुराने और जर्जर पुलों को नए से बदलने की योजना बना रही थी। मोरबी सस्पेंशन ब्रिज ढहने के मद्देनजर 3 नवंबर को जारी सीएम के निर्देशों पर लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) द्वारा सुरक्षा ऑडिट किया गया था।30 अक्टूबर को गुजरात के मोरबी शहर में केबल निलंबन पुल के ढहने से कम से कम 135 लोग मारे गए और 100 से अधिक घायल हो गए। स्थानीय प्रशासन और अन्य एजेंसियों के साथ भारतीय तट रक्षक, भारतीय नौसेना और राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) ने 143 साल पुराने मोरबी पुल के ढहने के स्थान पर खोज और बचाव अभियान।जुलाई में भारी बारिश के दौरान ऋषिकेश-बद्रीनाथ राजमार्ग पर नारकोटा इलाके में एक निर्माणाधीन पुल गिर गया था, जिससे आधा दर्जन से अधिक मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए थे।

# सड़क दुर्घटनाओं पर सरकार का रवैया गैर जिम्मेदाराना , मुआवजे से नहीं रुकेंगी दुर्घटनाएं : सूर्यकान्त धस्माना

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**



देहरादून, 22 नवंबर। पिछले छह महीनों मेम उत्तराखंड में हुई एक दर्जन सड़क दुर्घटनसों में डेढ़ सौ से अधिक लोगों की कीमती जान चली गयी किंतु राज्य व केंद्र की सरकारें मात्र ट्वीट कर दुख और शोक व्यक्त करने व मुआवजा राशि घोषित करने के अलावा कोई ठोस सड़क सुरक्षा के इंतजाम नहीं कर रही ,यह बात आज उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सूर्यकान्त धस्माना ने कही।वरिष्ठ नेता धस्माना ने कहा कि अकेले तीन बड़ी दुर्घटनाओं में जून 5 2022 को डामटा उत्तरकाशी में 26 लोगों, 4 अक्टूबर 2022 को 34 यात्री बस ऐक्सिडेंट में सिमड़ी पौड़ी गढ़वाल, 18 नवम्बर 2022 पल्ला जखोल चमोली गढ़वाल में मैक्स में 12 यात्रियों की मौत सड़क दुर्घटना में हो गयी। श्री धस्माना ने कहा कि इसके अलावा अन्य सड़क दुर्घनाओं में छोटी गाड़ियों की अलग अलग जगहों पर घटित दुर्घटनाओं में भी लगभग 70 लोगों की मौत पिछले छह महीनों में घटी हैं जो एक बड़ा चिंता का विषय है।उन्होंने कहा कि दुर्घटनओं को कैसे रोकें इस पर सड़क परिवहन विभाग , पुलिस व लोक निर्माण विभाग के पास कोई ठोस कार्य योजना नहीं है और दुर्घटना घटने के बाद सरकार, विभाग व नेतागण केवल शोक व्यक्त करने व मुआवजा राशि घोषित करने तक सीमित रहते हैं और फिर अगली दुर्घटना तक लोग पिछली दुर्घटना को भूल जाते हैं । सूर्यकांत धस्माना ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकारों के सड़क परिवहन , पुलिस व आपदा प्रबंधन विभागों को सड़क सुरक्षा पर बहुत गंभीरता से विचार कर दुर्घटनाओं पर कैसे रोक लगाई जाय इसके लिए ठोस दीर्घकालीन योजना बनाई जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि वे इस विषय पर राज्य के मुख्यमंत्री व केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री को अपने सुझाव व मांग पत्र शीघ्र सौंपेंगे।

# हरिद्वार में डेंगू के मामलों में आई तेजी




**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

हरिद्वार, 22 नवंबर। । निवासियों ने कहा कि हरिद्वार जिले में डेंगू के मामलों की संख्या में तेजी से वृद्धि देखी गई है, विशेष रूप से लक्सर में, यहां तक कि स्वास्थ्य अधिकारियों ने दावा किया कि ऽस्थिति नियंत्रण में हैऽ ।स्थानीय लोगों ने कहा कि जिले में डेंगू खतरनाक स्तर पर फैल रहा है और कई लोगों की जान चली गई है, जबकि स्वास्थ्य विभाग ने कहा कि जिले में अब तक केवल 289 डेंगू के मामलों की पुष्टि हुई है और लक्सर के बसेड़ी गांव से केवल एक मौत की सूचना है।

लक्सर के स्थानीय निवासी फरमान खान ने बताया, ऽडेंगू के प्रकोप के कारण लक्सर और खानपुर इलाकों में खतरनाक स्थिति है। परीक्षण और उपचार सुविधाओं की कमी के कारण, रोगी अक्सर इलाज के लिए झोलाछाप क्लीनिक जाते हैं। कई लोगों ने अपना दम तोड़ दिया। डेंगू के कारण जान जा रही है।हरिद्वार के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ केके सिंह ने बताया, ऽस्थिति नियंत्रण में है। हमारे पास सरकारी अस्पतालों में पर्याप्त बेड हैं। ब्लड बैंकों में प्लेटलेट्स की कोई कमी नहीं है। हमने अब तक केवल 289 डेंगू के मामले और एक मौत दर्ज की है। हम जागरूकता अभियान चला रहे हैं। अभियान और ग्रामीण क्षेत्रों में चिकित्सा स्वास्थ्य शिविर आयोजित करना।



# क्या टहलने से खाना पच जाता है ? जानें सच्चाई

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट , 22 नवम्बर। ज्यादातर लोगों का यही मानना है कि रात को खाना खा कर बालकनी , छत या गली में टहलने के खाना हजम हो जाता है। अपार्टमेंट हो या कॉलोनी हम और आप अक्सर ऐसे लोगों को देखते भी हैं जो डिनर के बाद वाक पर निकलते हैं। दरअसल स्वास्थ्य के लिहाज़ से देखा जाए तो खाना खाने के बाद एक ही जगह पर लंबे समय तक बैठे रहने के कारण कई स्वास्थ्य संबंधित समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है. ऐसे में जरूरी है कि आप खाना खाने के बाद थोड़ी देर जरूर टहलें.


इन दिनों खराब जीवनशैली के चलते बहुत से लोग कई स्वास्थ्य संबंधित समस्या से परेशान रहते हैं. बहुत से लोग खाना खाने के बाद एक जगह पर लंबे समय तक बैठे रहते हैं. खाना खाने के बाद तुरंत लेटने और बैठने के कारण कई बीमारियां हो सकती हैं. रात में खाना खाने के बाद तुरंत सोने से वजन बढ़ सकता है. इसके अलावा कई अन्य बीमारियों से भी संक्रमित हो सकते हैं. अक्सर आपने ये सुना होगा कि खाना खाने के थोड़ा देर बाद टहलना जरूर चाहिए.



इससे हमारा स्वास्थ्य अच्छा रहता है. लेकिन क्या खाना खाने के बाद टहलने से खाना सच में पच जाता है ?

**तो चलिए जानें क्या है इस टॉपिक पर फैक्ट्स -**

इससे आपको रात को अच्छी नींद आ पाती है. आपका ब्लड प्रेशर लेवल कंट्रोल में रहता है. इससे आप खुद को हार्ट डिजीज, स्ट्रोक और बैड कोलेस्ट्रॉल से बचा पाते हैं. टहलने से शरीर में एंडॉर्फिन रिलीज होता है. इससे आपका मूड बेहतर होता है. इससे बैचानी कम होती है. आपका तनाव कम होता है. आप रिलैक्स महसूस करते हैं. इससे अनिद्रा की समस्या दूर होती है. गैस और ब्लोटिंग की समस्या दूर होती है. इसके साथ ही आप हल्का महसूस करते हैं. तो उम्मीद करते हैं आपको ये जानकारी अच्छी लगी होगी और आप टहलने में कोई कमी नहीं करेंगे और आलस छोड़ कर अपनी सेहत के लिए वाकिंग जारी रखेंगे।



# फैटी लिवर की समस्या से बचना चाहते हैं, तो आहार में करें ये बदलाव

न्यूज़ वायरस नेटवर्क





ब्यूरो रिपोर्ट , 23 नवंबर , लिवर की बीमारियां संपूर्ण शरीर के लिए दिक्कते बढ़ाने वाली हो सकती हैं। पेट और आंतों से निकलने वाला सारा खून लिवर से होकर गुजरता है। लिवर इस रक्त को संसाधित करने, पोषक तत्वों के अवशोषण, भोजन के पाचन को बढ़ावा देने के साथ कई प्रकार के हार्मोन्स भी रिलीज करता है।स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, युवाओं में बढ़ रही फैटी लिवर की समस्या काफी चिंताजनक है, इससे सभी लोगों को बचाव करते रहना चाहिए। फैटी लिवर की समस्या, उन लोगों को भी हो सकती है जो शराब नहीं पीते हैं।फैटी लीवर डिजीज, जैसा कि इसके नाम से पता चलता है यह लिवर में वसा के निर्माण के कारण होने वाली समस्या है। इस बीमारी में लिवर के लिए सामान्य तरीके से काम कर पाना कठिन हो जाता है, जिसका असर संपूर्ण शरीर पर हो सकता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, हर आयु के लोगों को लिवर की सेहत को ठीक रखने पर गंभीरता से ध्यान देते रहना चाहिए, यह समस्या किसी को भी हो सकती है। आइए जानते हैं कि लिवर की इस बीमारी से बचाव के लिए किन बातों का ध्यान रखा जाना आवश्यक है?

**क्यों होती है फैटी लिवर की समस्या?**

फैटी लिवर डिजीज में, लिवर की कोशिकाओं में अतिरिक्त फैट जमा होने लगता है। वसा के इस प्रकार के जमाव के कई कारण हो सकते हैं। शराब का अधिक सेवन करने वालों में इस तरह की समस्याओं के जोखिम अधिक होता है। वहीं, आहार और लाइफस्टाइल में गड़बड़ी के कारण बिना शराब का सेवन किए भी आप में इस समस्या का जोखिम हो सकता है। मोटापा, टाइप-2 डायबिटीज, इंसुलिन प्रतिरोध, रक्त में ट्राइग्लिसराइड की अधिकता और मेटाबॉलिक सिंड्रोम जैसी समस्याओं के कारण भी फैटी लिवर डिजीज होने का खतरा हो सकता है। इसके लिए आहार और दिनचर्या को ठीक रखना बहुत आवश्यक माना जाता है।इन बातों का भी रखें ध्यान डॉक्टर बताते हैं फैटी लिवर की समस्या से बचाव के लिए आहार में फाइबर से भरपूर चीजों को शामिल करना लाभकारी माना जाता है। फाइबर, लिवर के कार्य को बेहतर बनाने में मदद करता है। इसके लिए ताजे फल और सब्जियां, फलियां और साबुत अनाज को आहार में शामिल कर सकते हैं। इसके अलावा लिवर की इस समस्या से बचाव के लिए भोजन में नमक और चीनी की मात्रा को कम रखने की सलाह दी जाती है। लिवर की सेहत का ख्याल रखें।

# मारुति अपनी इस कार पर दे रही है 41 हजार रुपये तक की छूट

न्यूज़ वायरस नेटवर्क





ब्यूरो रिपोर्ट , 23 नवंबर ,मारुति सुजुकी की 5-सीटर हैचबैक कार(वैगनआर) अक्टूबर में कंपनी की ऑल्टो के बाद दूसरी सबसे अच्छी प्रदर्शन करने वाली कार थी। अब ईयर-एंड ऑफर के तहत मारुति सुजुकी वैगनआर सहित अपनी कई कारों पर छूट दे रही है।

ऑटोमोबाइल दिग्गज वैगनआर हैचबैक कार पर 20,000 रुपये की नकद छूट दे रही है। इसके अलावा, ग्राहकों को एक्सचेंज बोनस के रूप में 15,000 रुपये दिए जा रहे हैं, अगर वे एक्सचेंज ऑफर का लाभ लेना चाहते हैं। और 6,000 रुपये कॉर्पोरेट छूट के रूप में ऑफर किया जा रहा है। ग्राहक इसके ZXi और ZXi+ मैनुअल वैरिएंट पर कुल 41,000 रुपये की छूट का लाभ उठा सकते हैं। इसलिए, एक्सचेंज ऑफर का लाभ उठाने वालों के लिए कुल छूट 40,000 रुपये हो जाती है, और अन्य ग्राहकों के लिए यह 25,000 रुपये है। जबकि, अन्य दो मैनुअल वेरिएंट - LXi और VXi - पर कुल 31,000 रुपये की छूट मिल रही है। जबकि, वैगन आर के एएमटी वर्जन पर कुल 21,000 रुपये की छूट मिल रही है, और इसके सीएनजी वर्जन पर कुल 40,000 रुपये की छूट दी जा रही है। Maruti Suzuki WagonR दो पेट्रोल इंजन ऑप्शन- 1-लीटर यूनिट और 1.2- लीटर यूनिट में आती है।। जहां 1-लीटर इंजन 67 PS का अधिकतम पावर और और 89 Nm का पीक टॉर्क जेनरेट करता है। वहीं 1.2-लीटर इंजन 90 PS का अधिकतम पावर और 113 Nm पीक टॉर्क जेनरेट करता है। दोनों इंजन 5-स्पीड मैनुअल या 5-स्पीड ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन से जुड़े हैं। इस कार का एक CNG मॉडल भी उपलब्ध है, जो 34 किमी प्रति लीटर तक का माइलेज देता है।मारुति सुजुकी ने इस हैचबैक में 7-इंच का टचस्क्रीन डिस्प्ले, चार स्पीकर के साथ म्यूजिक सिस्टम, फोन कंट्रोल, स्टीयरिंग माउंटेड ऑडियो जैसे कई फीचर्स दिए हैं। यात्रियों की सुरक्षा के लिए इसमें ड्यूल फ्रंट एयरबैग्स, ईबीडी (इलेक्ट्रॉनिक ब्रेक फोर्स डिस्ट्रीब्यूशन), एबीएस (एंटी-लॉक ब्रेकिंग सिस्टम), रियर पार्किंग सेंसर, हिल होल्ड असिस्ट जैसे सेफ्टी फीचर्स मिलते हैं।

# ऋषिकेश विधानसभा में विकास कार्यों के लिए वह वचनबद्ध : डॉ प्रेम चंद अग्रवाल

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



ऋषिकेश 22 नवंबर। पारस पब्लिक स्कूल में पांच लाख रुपए की विधायक निधि से बने हाल का लोकार्पण कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस मौके पर क्षेत्रीय विधायक व कैबिनेट मंत्री डॉ प्रेम चंद अग्रवाल ने रिबन काटकर हाल का शुभारंभ कर प्रवेश किया। खदरी श्यामपुर स्थित विद्यालय के हाल के लोकार्पण कर मंत्री डॉ अग्रवाल ने कहा कि पारस पब्लिक स्कूल में बच्चों का सर्वांगीण विकास होने से शिक्षा का स्तर और बेहतर हो रहा है।

कहा कि इसी तरह ऋषिकेश विधानसभा में विकास कार्यों के लिए, वह वचनबद्ध हैं। डा. अग्रवाल ने कहा कि ऋषिकेश विधानसभा का प्रत्येक नागरिक उनके लिए देव तुल्य है, बुजुर्गों मातृ शक्तियों और युवाओं के साथ से चौथी बार विधायक बनने का आशीर्वाद मिला। कहा कि हर मूलभूत समस्या का निराकरण किया जाएगा। डॉ अग्रवाल ने कहा कि कोई भी क्षेत्र विकास कार्यों से अछूता नहीं रहेगा। विकास कार्य उनकी प्राथमिकता है। इसके लिए किसी भी प्रकार की धन की कमी नहीं होगी। कहा कि विद्यालय में नवनिर्मित हाल से बच्चों को वातानुकूल शिक्षण मिलेगा। इस मौके पर विद्यालय की ओर से मंत्री डॉ अग्रवाल का आभार व्यक्त किया गया। इस मौके पर विद्यालय प्रबंधक राम चंद्र रतूड़ी, मैनेजर राम रतन रतूड़ी, प्रधानाचार्य श्रुति शर्मा, अध्यापक विनय, रजत, ममता आदि मौजूद रहे।

# राज्य प्रभावित क्षेत्रों में मानव-वन्यजीव संघर्ष अध्ययन आयोजित करेगा




न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून, 22 नवंबर। हिमालयी राज्य में बढ़ते मानव-वन्यजीव संघर्ष की बेहतर समझ प्राप्त करने के लिए, देहरादून स्थित भारतीय वन्यजीव संस्थान के विशेषज्ञों और संबंधित वन प्रभागों के सभी हितधारकों को इस मुद्दे पर गहन अध्ययन करने के लिए सूचीबद्ध किया गया है।अध्ययन के लिए विशेषज्ञों द्वारा कुछ गांवों की पहचान की गई है, जहां इस साल 17 मानव-पशु घटनाएं हुईं, जो 15 वन प्रभागों में फैले हुए हैं। विशेषज्ञ देहरादून, हरिद्वार, नैनीताल, अल्मोड़ा और पौड़ी गढ़वाल जैसे प्रमुख वन मंडलों पर भी जोर देंगे।अतिरिक्त मुख्य सचिव, आनंद बर्धन ने रजलगामरू के अधिकारियों को राजाजी और कॉर्बेट के आसपास के गांवों का अध्ययन करने का निर्देश दिया है, जहां सघन वन्य जीवन के साथ-साथ कृषि भूमि भी है, जो अधिक संघर्षों को भड़काती है। इस साल उत्तराखंड में मानव-वन्यजीव संघर्ष में 47 लोगों की जान जा चुकी है।विशेषज्ञों ने नोट किया है कि राज्य में फसल पर हमला करने के लिए मुख्य रूप से जंगली सूअर और काले भालू जिम्मेदार थे।

## संपादकीय

# चीनी सेना की हरकतें

वास्तविक नियंत्रण रेखा पर जाड़े के मौसम के हिसाब से भारतीय सैन्य टुकड़ियों की तैनाती का काम जारी है. लगभग 35 सौ किलोमीटर लंबी इस अस्थायी सीमा पर चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी की हरकतों पर भी नजर रखी जा रही है. उल्लेखनीय है कि ढाई साल से अधिक समय जारी तनातनी में कमी तो आयी है, परंतु चीनी सेना की गतिविधियां अभी भी आपत्तिजनक हैं. कुछ दिन पहले थल सेनाध्यक्ष जेनरल मनोज पांडे ने सार्वजनिक रूप से कहा था कि पूरे वास्तविक नियंत्रण रेखा पर चीन द्वारा इंफ्रास्ट्रक्चर निर्माण का काम लगातार चल रहा है तथा लद्दाख में अक्साई चिन के अवैध कब्जे वाले इलाके में चीनी टुकड़ियों की संख्या में कोई खास कमी नहीं आयी है. हाल में आयोजित हुए चीनी कम्युनिस्ट पार्टी की बैठक से एक माह पहले चीन ने पूर्वी क्षेत्र में अपने सैनिकों की संख्या बढ़ायी थी. इन गतिविधियों से स्पष्ट है कि चीन भले ही बातचीत से सीमा विवाद को सुलझाने और द्विपक्षीय संबंधों को बेहतर करने की बात करता हो, लेकिन उसकी असल मंशा तनाव को बढ़ाना तथा इस क्षेत्र में अपनी ताकत की धौंस जमाना है. बरसों से दक्षिण चीन सागर और पूर्वी चीन सागर में भी चीन का यही रवैया रहा है. भारत की ओर से लगातार कहा गया है कि सीमा पर जारी तनाव को स्थापित प्रक्रियाओं के तहत सुलझाया जाना चाहिए तथा वास्तविक नियंत्रण रेखा पर तैनात सैनिकों की संख्या में कमी की जानी चाहिए. भारत ने यह भी स्पष्ट कर दिया है कि किसी भी तरह का प्रभावी निर्णय तभी हो सकेगा, जब लद्दाख क्षेत्र की अस्थायी सीमा पर अप्रैल 2020 से पहले की स्थिति को बहाल किया जायेगा. विदेश मंत्री एस जयशंकर कहते रहे हैं कि दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंध तभी सामान्य हो सकेंगे, जब वास्तविक नियंत्रण रेखा पर शांति एवं स्थिरता रहेगी. दोनों देशों के वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों के बीच 17वें चरण की बैठक का समय अभी निर्धारित नहीं हुआ है. सामान्य दिनों में जाड़े के मौसम में अक्सर सैन्य टुकड़ियां पीछे आ जाती हैं क्योंकि अग्रिम चौकियों पर स्थिति बहुत कठिन हो जाती है. लेकिन अब जब चीन ने बड़ी संख्या में सैनिकों को वास्तविक नियंत्रण रेखा के पास जमा किया है, तो भारतीय सेना को भी अपनी कमान पर डटे रहना पड़ सकता है. पहले भी भारत के भरोसे का अनुचित लाभ उठाकर चीनी सैनिक भारतीय क्षेत्र में घुसपैठ करते रहे हैं.


# टीम इंडिया ने 1-0 से जीती टी20 सीरीज, आखिरी मैच बारिश की वजह से मैच हुआ टाई

न्यूज़ वायरस नेटवर्क






ब्यूरो रिपोर्ट , 22 नवंबर ,भारत और न्यूजीलैंड के बीच नेपियर में खेला गया तीसरा टी-20 बारिश के कारण बेनतीजा रहा। मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए कीवी टीम 19.4 ओवर में 160 रन पर ऑलआउट हो गई। डेवोन कॉन्वे ने सबसे ज्यादा 59 रन की पारी खेली। वहीं, ग्लेन फिलिप्स ने 54 रन बनाए। टीम इंडिया की ओर से अर्शदीप सिंह और मोहम्मद सिराज ने सबसे ज्यादा 4-4 विकेट लिए। न्यूजीलैंड के आखिरी 7 विकेट 14 रन बनाने में गिर गए। जवाब में टीम इंडिया ने 9 ओवर में 4 विकेट खोकर 75 रन बना लिए थे। तभी बारिश शुरू हो गई। इसके बाद एक भी बॉल का खेल नहीं हो सका और तीसरे टी-20 को टाई घोषित कर दिया गया। इसी के साथ टीम इंडिया ने सीरीज 1-0 से अपने नाम कर ली। मैच टाई होने पर सुपर ओवर होता है, लेकिन एक भी बॉल फेंकने की गुंजाइश नहीं थी। ऐसे में मैच को बेनतीजा घोषित कर दिया गया। अर्शदीप सिंह ने न्यूजीलैंड को पहला झटका दिया। उन्होंने दूसरे ओवर की तीसरी बॉल पर फिन एलन को LBW आउट कर दिया। एलन ने 4 बॉल का सामना किया और 3 रन बनाकर आउट हुए मोहम्मद सिराज ने कीवी टीम का दूसरा विकेट लिया। उन्होंने मार्क चैपमैन को 12 बॉल में 12 रन बनाने के बाद अर्शदीप सिंह के हाथों कैच आउट कराया। ग्लेन फिलिप्स ने न्यूजीलैंड के लिए शानदार पारी खेली। उन्होंने 33 बॉल का सामना किया और 163 के स्ट्राइक रेट से 54 रन बनाए। उनका विकेट मोहम्मद सिराज ने लिया। डेवोन कॉनवे 49 बॉल में 59 रन बनाकर आउट हुए। उनका विकेट अर्शदीप सिंह ने लिया। मोहम्मद सिराज ने जेम्स नीशम के रूप में अपना तीसरा विकेट लिया। वहीं,



मिचेल सेंटनर को 1 रन पर आउट कर चौथा विकेट झटका। अर्शदीप सिंह के 19वें ओवर में लगातार तीन बॉल पर 3 बल्लेबाज आउट हुए। पहले उन्होंने ईश सोढ़ी और डेरिल मिचेल को पवेलियन भेजा। इसके बाद मोहम्मद सिराज ने एडम मिल्ने को डायरेक्ट थ्रो से रन आउट कर दिया। आखिरी ओवर में हर्षल पटेल ने टिम साउदी को बोल्ड कर भारतीय टीम को आखिरी सफलता दिलाई। दोनों टीमों में एक-एक बदलाव है। वाशिंगटन सुंदर की जगह हर्षल पटेल को मौका मिला है। वहीं, केन विलियमसन की जगह न्यूजीलैंड की प्लेइंग इलेवन में मार्क चैपमैन आए हैं।

# पंतनगर विश्वविद्यालय के पूर्व अधिकारी दिनेश चंद जोशी को गैंगस्टर में जमानत

देहरादून, 22 नवंबर। लीक मामले में पंतनगर विश्वविद्यालय के पूर्व अधिकारी दिनेश चंद जोशी को गैंगस्टर एक्ट में भी जमानत मिल गई है। जोशी के खिलाफ विजिलेंस ने भी अक्तूबर में मुकदमा दर्ज किया था। जोशी को 50 हजार रुपये के निजी मुचलके और दो जमानती देने पर जमानत दी गई है।



जुलाई में एसटीएफ ने पेपर लीक (स्नातक स्तरीय परीक्षा) मामले में जांच शुरू की थी। मामले में 42 लोगों को गिरफ्तार किया गया था। इनमें से आरएमएस कंपनी के मालिक राजेश चौहान समेत 21 लोगों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट में भी मुकदमा दर्ज किया गया था। आरोपियों में पंत नगर विवि के पूर्व अधिकारी दिनेश चंद जोशी भी शामिल हैं। जोशी पर आरोप है कि उन्होंने आरएमएस कंपनी के अफसरों के साथ मिलकर पेपर लीक कराया था। जोशी को पिछले माह धोखाधड़ी और जालसाजी के मुकदमे में जमानत मिल चुकी है। इसी क्रम में गैंगस्टर में भी जमानत के लिए अर्जी लगाई गई थी। बचाव पक्ष के अधिवक्ता चंद्रशेखर तिवारी ने कोर्ट में तर्क दिया कि जोशी को झूठा फंसाया गया है। उनके पास से धन की रिकवरी नहीं हुई थी। इसी तरह गैंगस्टर एक्ट में भी गैंग चार्ट में दो मुकदमे हैं। इनमें से एक मुकदमा विजिलेंस की ओर से दर्ज किया गया है। इस मुकदमे में न तो उनकी गिरफ्तारी की गई और न ही विवेचना अधिकारी ने ज्यूडिशियल रिमांड ही मांगा है। इस आधार पर जोशी को जमानत दे देनी चाहिए। बचाव पक्ष के तर्क का अभियोजन ने भी कोई विरोध नहीं किया। इस पर स्पेशल जज गैंगस्टर एक्ट चंद्रमणि राय की अदालत ने जोशी को जमानत दे दी।

दैनिक
न्यूज वायरस

न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, मेरठ के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक मौ. सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से मुद्रित एवं 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

सम्पादक :
मौ. सलीम सैफी

कार्यकारी सम्पादक
आशीष तिवारी

दूरभाष : 0135-2672002

email-dainiknewsvirus@gmail.com
RNI No.- UTTHIN/2012/44094

वाद-विवाद का न्याय क्षेत्र देहरादून न्यायालय मान्य होगा

# हरीश रावत ने उदलहेड़ी में भरी हुंकार निकाली भारत जोड़ो हरिद्वार जिंदाबाद यात्रा

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

हरिद्वार, 22 नवंबर। पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने मंगलवार को मंगलौर क्षेत्र के उदलहेड़ी गांव से भारत जोड़ो हरिद्वार जिंदाबाद यात्रा शुरू की। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की मूर्ति पर माल्यार्पण कर कहा कि उनकी यात्रा किसानों को गन्ने का उचित मूल्य दिलाने और भाजपा राज में गरीब, पिछड़े लोगों के दमन को लेकर है। छह साल से भाजपा युवाओं को नौकरी देने का झांसा दे रही है। इस दौरान कई लोगों ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की।

मंगलवार को यात्रा शुरू करने के दौरान मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने प्रदेश में जो कल्याणकारी योजनाएं चलाई थीं उन्हें भाजपा सरकार ने बंद कर दिया है। प्रदेश सरकार ने अब तक गन्ने का मूल्य घोषित नहीं किया है। कांग्रेस के सभी विधायक विधानसभा सत्र में इस मुद्दे को उठाएंगे। उन्होंने कहा कि छह साल से भाजपा युवाओं को नौकरी देने का झांसा दे रही है। अनुसूचित जाति के लोगों के लिए चलाई जा रही योजनाओं और गरीबों की पेंशन पर डाका डाला जा रहा है। किसानों को सम्मान निधि देकर केंद्र सरकार उन्हें ठग रही है। जनता 2024 के आम चुनाव में भाजपा को मुंहतोड़ जवाब देगी।



प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने कहा कि भाजपा सरकार ने हरिद्वार में पंचायत चुनाव में लोकतंत्र का गला घोंटने का काम किया। जनादेश भाजपा के विरुद्ध था लेकिन सभी पदों पर चहेते बैठा दिए गए। नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा कि भाजपा के शासनकाल में प्रदेश में आपराधिक घटनाएं बढ़ रही हैं लेकिन सरकार आंखें मूंदकर बैठी हुई है। जनसभा में लाठरदेवा शेख के ग्राम प्रधान मोहम्मद सुफियान ने अपने साथियों के साथ कांग्रेस की सदस्यता ली। प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने उन्हें कांग्रेस में शामिल कराया।

जनसभा को पूर्व विधायक काजी निजामुद्दीन, विधायक वीरेंद्र जाति, ममता राकेश, रवि बहादुर, विधायक अनुपमा रावत, आदित्य राणा आदि ने भी संबोधित किया। इसके बाद भारत जोड़ो यात्रा उदलहेड़ी से लहबोली, मन्नाखेड़ी, दहियाकी, नसीरपुर तक निकाली गई। नसीबपुर में रात्रि विश्राम किया जाएगा। इस अवसर पर वीरेंद्र रावत, राव आफाक, हंसराज सचदेवा, सचिन गुप्ता, राम सिंह सैनी, आशीष सैनी, राजेंद्र बॉडी, सुधीर शांडिल्य आदि उपस्थित रहे।

पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने कहा कि कुछ लोग उन्हें बूढ़ा समझ रहे हैं। जब तक कांग्रेस अपने पूरे उरूज पर नहीं आ जाती और राहुल गांधी देश के प्रधानमंत्री नहीं बन जाते तब तक उन्हें बूढ़ा समझने की गलती बिल्कुल न करें। कोई भी सियासी पहलवान उनसे पंजा लड़ाकर या दौड़ लगाकर देख ले। जिस तरह से कांग्रेस 126 साल से जवान है वह भी अभी सियासी पिच पर जवान हैं।

हरीश रावत ने कहा कि रुड़की और खानपुर से चुनकर जाने वाले विधायकों के तभी तक निर्माण कार्यों पर बोर्ड लगे हैं जब तक वह कांग्रेस के साथ रहे हैं। इशारों-इशारों में उन्होंने खानपुर से पूर्व विधायक कुंवर प्रणव सिंह चैंपियन और रुड़की से विधायक प्रदीप बत्रा पर तंज कसते हुए कहा कि जबसे उन्होंने मार्क बदला है तब से सिर्फ जनता को बेवकूफ बनाने का काम किया है।

# प्रदेश में दिसंबर की शुरुआत में बदलेगा मौसम, हो सकती है हल्की बारिश और बर्फबारी

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून, 22 नवंबर। उत्तराखंड में पिछले कई दिनों से मौसम शुष्क है और अगले कुछ दिन मौसम के मिजाज में परिवर्तन आने की संभावना भी कम है। ऐसे में फिलहाल चटख धूप ठंड से राहत दे रही है। हलांकि, दिसंबर की शुरुआत तक प्रदेश में कहीं-कहीं हल्की वर्षा और बर्फबारी हो सकती है।

प्रदेश में नवंबर समाप्ति की ओर से है। इस माह में अब तक पर्वतीय क्षेत्रों में वर्षा सामान्य से आधी हुई है। हालांकि, चोटियों पर हिमपात का क्रम अधिक रहा। लेकिन, फिलहाल मौसम शुष्क है और प्रदेशभर में चटख धूप खिल रही है। जिससे अधिकतम और न्यूनतम तापमान सामान्य या इससे अधिक दर्ज किया जा रहा है।


मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक बिक्रम सिंह के अनुसार प्रदेश में अगले कुछ दिन आसमान साफ रहेगा। पर्वतीय क्षेत्रों में कहीं-कहीं आंशिक बादल छाए रह सकते हैं। तापमान में नवंबर अंत तक एक से दो डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट आ सकती है। उत्तराखंड में अनियमित बिजली आपूर्ति और बढ़े बिलों को लेकर कांग्रेस ने सरकार पर हमला बोला। महानगर कांग्रेस अध्यक्ष लालचंद शर्मा ने कहा



कि सर्दियों में भी बार-बार बिजली गुल हो रही है। ऐसे में छोटे उद्योगों पर इसका असर पड़ रहा है। व्यवस्था को ठीक करने के बजाय सरकार सिर्फ बिजली के रेट बढ़ाकर आमजन को लूटने का काम कर रही है। उद्यमी परेशान हैं। लालचंद शर्मा ने मंगलवार को बयान जारी कर कहा कि राजधानी देहरादून में स्मार्ट सिटी के कार्यों के चलते सड़कों का चौड़ीकरण या अन्य कार्य किया गया, लेकिन सड़कों से बिजली के पोल तक नहीं हटाए गए हैं। साथ ही नगर निगम भी पथ प्रकाश व्यवस्था को ठीक करने में नाकाम साबित हो रहा है। बार-बार बिजली गुल होने से कुटीर उद्योगों पर इसका असर पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले 22 सालों में सेलाकुई औद्योगिक हब को अपना 220 केवीए का बिजली घर नहीं मिल पाया है।

# पौड़ी के पाबौ में गुलदार ने पांच साल के बच्चे को बनाया निवाला, गांव में छाया मातम

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



पौड़ी, 22 नवंबर। पौड़ी के विकासखंड पाबौ के निसणी गांव में गुलदार ने एक पांच वर्षीय बच्चे को मार दिया। घटना आज मंगलवार शाम करीब साढ़े पांच बजे की बताई जा रही है। सूचना पर वन विभाग और पुलिस की टीम मौके पहुंच गई है। 108 की मदद से शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय लाया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक, पौड़ी के विकासखंड पाबौ के निसणी गांव निवासी रविंद्र सिंह का पांच वर्षीय पुत्र पीयूष घर से कुछ दूरी पर खेलकर घर की ओर आ रहा था। इसी दौरान घात लगाए गुलदार ने उस पर झपटा मार दिया।

बताया गया कि आस-पास मौजूद लोगों के हो हल्ला करने पर गुलदार उसे झाड़ियों में छोड़ कर भाग निकला। लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। स्वजन व ग्रामीणों ने इसकी सूचना वन विभाग व पाबौ चौकी पुलिस को दी। जिस पर पौड़ी से गढ़वाल वन प्रभाग की टीम के अलावा पाबौ से पुलिस टीम भी मौके पर पहुंची।

शव को 108 की मदद से जिला चिकित्सालय लाया जा रहा है। घटना के बाद से गांव में दहशत का माहौल बना हुआ है। इस संबंध में पाबौ पुलिस चौकी के प्रभारी दीपक पंवार ने बताया कि शव को पौड़ी जिला चिकित्सालय लाया जा रहा है। वन क्षेत्राधिकारी ललित सिंह मौके पर हैं। ग्रामीणों में आक्रोश बना हुआ है।

बीत छह नवंबर रविवार शाम करीब साढ़े चार बजे पौड़ी जनपद के पोखड़ा ब्लाक के अंतर्गत ग्राम मजगांव में गुलदार के हमले में एक महिला घायल हो गई थी। महिला ने गुलदार पर दरांती से हमला कर खुद की जान बचाई। महिला को नौगांवखाल के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में लाकर भर्ती किया गया है।

# समान नागरिक संहिता का ड्राफ्ट तैयार करने को लेकर मंथन जोरों पर

## नैनीताल में हुई विशेषज्ञ समिति की बैठक

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

नैनीताल, 22 नवंबर। प्रदेश में समान नागरिक संहिता का ड्राफ्ट तैयारी की कवायद जोरों पर है। विशेषज्ञ समिति अध्यक्ष व सदस्यों ने आम लोगों के साथ बैठक की। विशेषज्ञों ने राजनैतिक, शिक्षा, कानून और अन्य सामाजिक क्षेत्रों से जुड़े लोगों के विभिन्न बिंदुओं पर सुझाव लिए।

मंगलवार को नैनीताल क्लब में विशेषज्ञ समिति अध्यक्ष पूर्व जस्टिस रंजना देसाई की अध्यक्षता में हुई बैठक में समिति सदस्यों ने विवाह कानून व उम्र, शादी पंजीकरण, धर्म परिवर्तन, बुजुर्गों को बच्चों की प्रापर्टी में हिस्सेदारी, महिला अधिकार, लिविंग रिश्ते में पैदा हुए बच्चों के अधिकार समेत तमाम बिंदुओं पर लोगों से सुझाव मांगे।

बैठक में शादी की उम्र को बढ़ाने और महिलाओं को समाज में पुरुषों के बराबर का अधिकार देने की बात जोरशोर से उठी। समिति सदस्य पूर्व मुख्य सचिव शत्रुघ्न सिंह ने बताया कि दो दिवसीय कार्यक्रम में सकारात्मक सुझाव सामने आए है। अधिकांश लोगों ने समान नागरिक संहिता को सराहनीय और समय की जरूरत बताया है।

अब तक प्रदेश भर में की गई बैठकों में महिलाओं को बराबरी का अधिकार देने का मुद्दा सर्वाधिक प्रमुख रहा है।कमेटी की ओर से निर्धारित बिंदुओं के अलावा कई अन्य बिंदुओं पर चर्चा हुई है। जिसको कानून में शामिल करने पर कमेटी की ओर से विचार किया जाएगा। बैठक में समिति सदस्य पूर्व जस्टिस प्रमोद कोहली, मनु गौड़, व्यापार मंडल अध्यक्ष मारुति नंदन साह, आशा शर्मा, प्रो नीता बोरा शर्मा, चंद्रकला रावत, डॉ मनोज लोहनी, गोपाल रावत, मनोज जोशी, हरीश राणा, गजाला कमाल समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

पूर्व सीएस सिंह ने बताया कि ड्राफ्ट बनाने को लेकर पूरे प्रदेश के सभी धर्म, जाति और वर्ग के व्यक्तियों से सुझाव लिए जा चुके है। 25 नवंबर तक कुमाऊं के अल्मोड़ा और बागेश्वर में भी बैठके की जानी है। बताया कि सुझाव मिलने के बाद कमेटी को करीब दो माह का समय ड्राफ्ट बनाने में लग जाएगा। जिसके बाद ड्राफ्ट सरकार को सौप दिया जाएगा।

